दिन– शनिवार दिनांक– 27/06/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में उच्च शिक्षा में बेहतरी और सुधार के लिए नया विश्वविद्यालय अधिनियम बनाया जायेगा।

02. विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत प्रदेश में अब आपदा प्रबंधन कार्य में भी श्रमिकों को मिलेगा रोजगार।

03. बिहार पुलिस की कल आयोजित होने वाली सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए रेलवे की ओर से आज और कल तेरह परीक्षा विशेष ट्रेन का परिचालन किया जायेगा।

04. और, मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान जताया। अररिया, मधुबनी, सीतामढ़ी, सुपौल और पश्चिम चम्पारण समेत आठ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी।

---

प्रदेश में उच्च शिक्षा में बेहतरी और सुधार के लिए नया विश्वविद्यालय अधिनियम बनाया जायेगा। लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैय्यद अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में आयोजित उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में इस पर सहमति बनी। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह अधिनियम दूसरे राज्यों और केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की श्रेष्ठ प्रणालियों पर आधारित होगा। इसके लिए पन्द्रह राज्यों के विश्वविद्यालयों के अधिनियमों का अध्ययन कर उनकी उत्कृष्ट व्यवस्थाओं को शामिल करते हुये एक प्रस्ताव तैयार किया जायेगा। बैठक में शिक्षा के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने के लिए कुलाधिपति पोस्ट डॉक्टरल फेलोशिप और मुख्यमंत्री शोध छात्रवृत्ति योजना लागू करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाईगर समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

---

विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत अब आपदा प्रबंधन कार्य में भी श्रमिकों को रोजगार मिलेगा। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि बाढ़, कटाव, जल–जमाव, सूखा अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचाव और राहत से संबंधित निर्माण कार्यों में इस योजना के श्रमिकों को प्राथमिकता दी जायेगी। श्री कुमार ने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आपदा, जोखिम कम होने के साथ ही स्थानीय श्रमिकों को गांव में ही रोजगार के अवसर मिलेंगे।

---

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। दो दिन के सम्मेलन में बिहार समेत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्री, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी तथा विशेषज्ञ समग्र ग्रामीण विकास पर विचार–विमर्श करने के लिए एकत्रित होंगे। बैठक में प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा और ग्रामीण भारत के लिए भविष्य की रूपरेखा तैयार करने पर भी विचार–विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन के माध्यम से केन्द्र और राज्य मिलकर गांवों के विकास की साझा रणनीति तैयार करेंगे।

---

मधुबनी और दरभंगा जिले में सौ करोड़ रूपये की लागत से जल्द ही कलस्टर विकास कार्यक्रम शुरू किया जायेगा। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय बागवनी बोर्ड ने मिथिला मल्टी कमोडिटी उद्यान कलस्टर के संबंध में एसेसमेंट रिपोर्ट को मंजूरी दे दी है। अब विभाग सीडीपी– दो हजार इक्कीस के तहत चयन कर कार्य शुरू करेगा। श्री सिन्हा ने बताया कि यह देश का पांचवां कलस्टर होगा। इस परियोजना से दरभंगा और मधुबनी के लगभग बीस हजार किसानों को सीधा फायदा मिलेगा। वहीं, केला, आम, लीची और मखाना आधारित मूल्य श्रृंखला को सशक्त बनाने के साथ ही बागवानी विकास को नई गति मिलेगी।

---

प्रदेश में पीने के पानी के लिए अब सतही जल को प्राथमिकता दी जायेगी। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने भूमि जल पर निर्भरता और उसकी निकासी कम करने के उद्देश्य से यह फैसला किया है। इस संबंध में केन्द्र सरकार को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भेजी गयी है। रिपोर्ट के अनुसार परियोजना के पहले चरण में दक्षिण–पूर्व बिहार के आठ जिलों भागलपुर, बांका, मुंगेर, जमुई, नवादा, गया, औरंगाबाद और कैमूर को शामिल किया गया है। इन जिलों में भू–जल स्तर अपेक्षाकृत कम है। इस परियोजना पर लगभग पांच हजार करोड़ रूपये खर्च होंगे।

---

केंद्रीय चयन पर्षद की ओर से कल प्रदेश के विभिन्न केंद्रों पर बिहार पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। नौ सौ तिरानवे पदों के लिए आयोजित यह परीक्षा दो पालियों में होगी। पूर्व मध्य रेलवे परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आज और कल तेरह परीक्षा विशेष ट्रेन चलायेगा। दानापुर मंडल की ओर से आज पटना के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से सहरसा, भभुआ, बेतिया, पूर्णियां, अररिया और सीवान के लिए कुल छह परीक्षा विशेष ट्रेन चलायी जा रही है। वहीं, कल सात परीक्षा विशेष ट्रेन संचालित होंगी।

---

प्रदेश के दो सौ ग्यारह नव स्थापित राजकीय महाविद्यालयों में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति नहीं की जायेगी। उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में जारी विभागीय पत्र को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया है। विभाग के निदेशक एन.के. अग्रवाल ने इस संबंध में जिलाधिकारियों को पत्र जारी किया है। गौरतलब है कि इससे पहले इन राजकीय महाविद्यालयों में प्रतिनियुक्ति के लिए यूजीसी के मापदंडों के अनुरूप नेट, जेआरएफ और पीएचडी की अर्हता प्राप्त सरकारी शिक्षकों की सूची प्राप्त करने के आदेश दिये गये थे।

---

स्वास्थ्य विभाग ने पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर नरेन्द्र प्रताप सिंह के मामले की जांच के लिए उच्चस्तरीय जांच समिति गठित करने का फैसला किया है। विभाग ने एक पत्र जारी करते हुये कहा है कि अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में विभाग को आवेदन न देकर प्रेस वार्ता करना बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली के प्रावधानों के प्रतिकूल है। श्री सिंह को राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय बेतियो में मनोरोग विभाग में प्राध्यापक के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

---

राज्य सरकार ने कानून व्यवस्था और सुरक्षा को दुरूस्त बनाये रखने के लिये सभी जिलाधिकारियों को अगले तीन महीने तक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत अपने अपने क्षेत्र में कार्रवाई करने का आदेश दिया है। गृह विभाग की विशेष शाखा ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

---

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार इस दौरान रोहतास, कैमूर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, पटना, नालंदा और शेखपुरा समेत आस–पास के जिलों में कुछ स्थानों पर आंधी बारिश और वज्रपात की आंशका है। विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, इस अवधि में आठ जिलों अररिया, पूर्वी चम्पारण, किशनगंज, मधुबनी, शिवहर, सीतामढ़ी, सुपौल और पश्चिम चम्पारण में भारी बारिश हो सकती है। वहीं, शेष हिस्सों में भी मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है।

———साउंड बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर बारिश होने से अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। भभुआ और डेहरी को छोड़कर ज्यादातर स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से

नीचे आ गया है। इस अवधि में बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ भभुआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को चौबीस घंटे तक ऑनलाईन सेवाएं नहीं मिल सकेंगी। ऊर्जा विभाग के अनुसार आज रात आठ बजे से कल रात आठ बजे तक विद्युत संबंधित सभी ऑनलाईन सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेगी। विभाग ने कहा है कि इस दौरान स्मार्ट मिटर उपभोक्ताओं का रिचार्ज नहीं होने की स्थिति में भी बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल अट्ठाईस जून को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ पैंतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स पर भी सुना जा सकता है। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

आज हेलेन केलर दिवस है। प्रतिवर्ष सत्ताईस जून को हेलेन केलर की जन्म स्मृति में यह दिन मनाया जाता है। हेलेन केलर जन्म से ही दिव्यांग थीं। देखने और सुनने की क्षमता नहीं होने होने के बावजूद उन्होंने जीवन में दृढ़ संकल्प दिखाया और अपने लक्ष्य हासिल किए। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बिहार नेत्रहीन परिषद की ओर से आज एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विधान पार्षद सर्वेश कुमार और स्थानीय विधायक संजय गुप्ता मौजूद रहेंगे। इस बीच, कल हेलन केलर जयंती की पूर्व संध्या पर पटना में परिषद और बिहार उद्योग संघ के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग पच्चीस दिव्यांग प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

---

राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण – एनबीए ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा संकटग्रस्त प्रजातियों की वैज्ञानिक पहचान और अधिसूचना हेतु एक मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने कहा कि मानक संचालन प्रक्रिया को राज्य जैव विविधता बोर्डों और केंद्र शासित प्रदेश जैव विविधता परिषदों को संकटग्रस्त प्रजातियों की पहचान करने और अनुशंसा करने में सहायता के लिए विकसित किया गया है। मानक परिचालन प्रक्रिया सर्वोत्तम उपलब्ध वैज्ञानिक साक्ष्यों, क्षेत्र–आधारित आकलन और पारंपरिक ज्ञान के उपयोग को बढ़ावा देती है।

---

मधुबनी जिले के लदनियां थाना क्षेत्र की पुलिस ने खाजेडिह गांव के पास से मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की खरीद–बिक्री करने वाले एक नाबालिक समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी कट्टा और दो कारतूस बरामद किया है।

---

मुंगेर जिले के उर्दू चौक के पास से पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक चार पहिया वाहन से दो सौ उनहत्तर लीटर विदेशी शराब के साथ चालक को गिरफ्तार किया है।

---

आयरलैंड के बेलफास्ट में दो मैचों की टी–ट्वेंटी श्रृंखला के पहले मैच में कल आयरलैंड ने भारत को चौंतीस रन से हरा दिया। भारत पर आयरलैंड की यह पहली जीत है। एक सौ तिरासी रन के लक्ष्य के जवाब में भारतीय टीम उन्नीस ओवर में एक सौ अड़तालीस रन पर सिमट गई। गौरतलब है कि इस मैच में बिहार के वैभव सूर्यवंशी को टीम एलेवन में जगह नहीं मिल पायी। श्रृंखला का दूसरा और अंतिम टी–ट्वेंटी मैच कल खेला जाएगा।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सूबे में श्रेष्ठ प्रणाली आधारित नया विश्वविद्यालय अधिनियम बनेगा।

दैनिक जागरण की विशेष खबर है– पांच से कम सदस्य होने पर अंत्योदय अन्न योजना के लिए घट सकता है अनाज आवंटन।

प्रभात खबर ने मौसम की खबर को पहले पन्ने पर स्थान देते हुये लिखा है– छत्तीस जिलों में सामान्य से भी कम बारिश। दो हजार पच्चीस की तुलना में बदला मॉनसून का रूख। दैनिक भास्कर लिखता है– वेनेजुएला में भूकम्प से पांच सौ नवासी मौतें, पचास हजार अब भी लापता। भारत ने शुरू किया ऑपरेशन अमिस्ताद। बचाव के लिए आज का दिन अहम। राष्ट्रीय सागर ने राम मंदिर चढ़ावा विवाद पर लिखा है– चंपत राय और अनिल मिश्रा ने दिया इस्तीफा। आज अखबार के शब्द हैं– बिहार के जिलों में बड़ा फेर–बदल, तीस उपाधीक्षकों का हुआ तबादला।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में उच्च शिक्षा में बेहतरी और सुधार के लिए नया विश्वविद्यालय अधिनियम बनाया जायेगा।

02. विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत प्रदेश में अब आपदा प्रबंधन कार्य में भी श्रमिकों को मिलेगा रोजगार।

03. बिहार पुलिस की कल आयोजित होने वाली सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए रेलवे की ओर से आज और कल तेरह परीक्षा विशेष ट्रेन का परिचालन किया जायेगा।

04. और, मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान जताया। अररिया, मधुबनी, सीतामढ़ी, सुपौल और पश्चिम चम्पारण समेत आठ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।